पढ़ाई के साथ दक्ष मैनपावर भी बनेंगे यूटीयू के छात्र

यूटीयू ने छात्रों के लिए तैयार किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

नई शिक्षा नीति

जागरण संवाददाता, देहरादून : नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को परंपरागत सेमेस्टर कक्षाओं के साथ-साथ कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य पढ़ाई के दौरान ही उन्हें उद्योगों के लिए पेशेवर व दक्ष मैनपावर बनाना है।

इसी क्रम में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की ओर से 24 अप्रैल से 10 मई 2023 के बीच छह अलग-अलग विषयों पर साफ्ट स्किल प्रोग्राम (एसएसपी) की कक्षाएं एक दिन दो घंटे के लिए रात के समय चलेंगी। ताकि दिन के समय छात्र-छात्राओं की नियमित कक्षाएं प्रभावित न हों। इस कार्यक्रम का संचालन अमेरिका स्थित इंक ंपनी के अध्यक्ष व आइआइटी बीएचयू) वाराणसी के पूर्व छात्र ा. मनु के बोरा करेंगे। डा. मनु बोरा वर्ष 1968 बैच के आइआइटी पास आउट हैं और उनके पास पिछले आठ साल का नेतृत्व का अनुभव हे। उन्होंने अपने करियर में आज तक 680 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में योगदान दिया है। छह विषय पर आधारित एसएसपी की कक्षाएं रात साढ़े आठ बजे से साढ़े दस बजे तक संचालित होंगी। उधर, कार्यक्रम के समन्वयक डा. विशाल रमोला ने कहा कि यह सभी प्रोग्राम आइलाइन मोड़ में होंगे। कार्यक्रम से उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश और विदेशों से भ इच्छुक छात्र व इंजीनियरिंग क फैकल्टी जुड़ सकते हैं और प्रबंध गुरु से जानकारी ले सकते हैं।

साफ्ट स्किल प्रोग्राम का समय

24 अप्रैल, 2023 लैंडरशिप एक्सीलेंस विषय पर जानकारी दी जाएगी।

27 अप्रैल, 2023 को इफेक्टिव डिसीजन मेकिंग विषय पर व्याख्यान होगा।

01 मई ,2023 को इफेक्टिव टाइम मैनजमेंट विषय पर उपयोगी जानकारी साझा की जाएंगी।

03 मई, 2023 को इफेक्टिव टीमवर्क विषय पर विशेषज्ञ जानकारी देंगे।

08 मई, 2023 को इफेक्टिव प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विषय पर जानकारी दी जाएगी।

10 मई, 2023 को करियर डेवलपमेंट गाइडेंस के विषय में जानेंगे छात्र

एसएसपी ग्लोबल स्तर के छात्रों को उनके पेशेवर करियर को प्रभावित करने वाले व्यक्तिगत गुणों को बेहतर बनाने में मदद करेगा। साथ ही एसएसपी फैकल्टी को साफ्ट स्किल में दक्षता हासिल करने में भी मदद करेगा, ताकि उनके छात्रों को ज्ञान का बेहतर हस्तांतरण हो सके। छात्रों व फैकल्टी को प्रबंधन में प्रवीणता एनईपी 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की सुविधा प्रदान करेगी।

– प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति, वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि